Amar Ujjala, 23-4-18, Page-11

# अनोखी दौड़ : न कोई जीता और न ही कोई हारा

## द दून स्कूल में 9वीं टैरी फॉक्स रन का आयोजन, कैंसर जागरुकता को दौड़े बच्चे



द दून स्कूल में आयोजित 9वीं टैरी फॉक्स रन में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। अमर उजाला

**अमर उजाला ब्यूरो**

देहरादून।

कैंसर से बचाव के प्रति जागरुकता के लिए द दून स्कूल में 35 स्कूलों के बच्चों ने दौड़ लगाई। मौका था इंडो कैनेडियन रिसर्च फाउंडेशन की ओर से 9वीं मैराथन ऑफ होप टैरी फॉक्स रन का। इसमें 40 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे भी शामिल हुए।

दौड़ में कोई हार-जीत तो नहीं हुई लेकिन सभी बच्चों ने कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम के लिए जागरूकता की अलख जगाई। रविवार की सुबह विश्व प्रसिद्ध द दून स्कूल से टैरी फॉक्स रन की शुरुआत हुई। स्कूल के पवेलियन में विभिन्न स्कूलों के बच्चे एकत्र हुए। यहां उन्हें मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेज के निदेशक डॉ. एके सिंह और स्कूल के हेडमास्टर मैथ्यू रैगेट ने झंडी दिखाकर रवाना किया। चार किमी दौड़ स्कूल के हेडमास्टर गेट से शुरू होकर कैंब्रियन हॉल आरआईएमसी व गढ़ी कैंट स्थित शहीद दुर्गा मल्ल पार्क होते हुए वापस स्कूल में पूरी हुई।

दौड़ में एक-दूसरे से आगे निकलने का उत्साह तो नजर आया लेकिन मकसद केवल कैंसर के प्रति जागरूकता थी। कोई भी छात्र-छात्रा न तो हारा और न ही जीता। दौड़ में द दून स्कूल, संत कबीर एकेडमी, इकोल ग्लोबल स्कूल, होपटाउन स्कूल, कासीगा स्कूल, हिमज्योति स्कूल, आरआईएमसी स्कूल, वेल्हम ब्वॉयज स्कूल, यूनिसन वर्ल्ड स्कूल, वेल्हम गर्ल्स स्कूल, द एशियन स्कूल, ओलंपस हाईस्कूल सहित 35 स्कूलों के बच्चों, इको टास्क फोर्स के जवानों ने हिस्सा लिया। इस दौरान दून स्कूल के पूर्व छात्र आर्यन भट्टाचार्य आकर्षण का केंद्र रहे।

इस मौके पर इंडो कैनेडियन फाउंडेशन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, मैक्स अस्पताल के वरिष्ठ ऑंकोलॉजिस्ट डॉ. विमल पंडिता ने भी विचार व्यक्त किए। दून स्कूल के डायरेक्टर पब्लिक रिलेशन पीयूष मालवीय भी मौजूद रहे।

---

Dainik Jagran, 23-4-18, Pg-9 →

**आयोजन** इंडो-कनेडियन कैंसर रिसर्च फाउंडेशन ने किया नौवीं टैरी फॉक्स रन का आयोजन

# कैंसर के खिलाफ जन-जागरण को दौड़े युवा

**जागरण संवाददाता, देहरादूनः** इंडो कनेडियन कैंसर रिसर्च फाउंडेशन की ओर से कैंसर के प्रति जागरूकता लाने और भारत में कैंसर रिसर्च के लिए फंड एकत्रित करने के उद्देश्य से आयोजित नौवीं टैरी फॉक्स रन का आयोजन किया गया। जिसमें राजधानी के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इसके अलावा रैफल होम के 40 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे भी दौड़ में शामिल हुए। दौड़ में न तो किसी की जीत हुई न हार बल्कि, एकसाथ मिलकर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने की अलख जगाई गई।



दून स्कूल में आयोजित टैरी फॉक्स रन में हिस्सा लेते छात्र • जागरण

रविवार की सुबह राजधानी के प्रतिष्ठित दून स्कूल से दौड़ का आयोजन किया गया। स्कूल के पवेलियन में जमा हुए स्कूली बच्चों को मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइंसेज के निदेशक डॉ. एके सिंह व स्कूल के हेडमास्टर मैथ्यू रगेट ने झंडी दिखाकर रवाना किया। चार किमी दौड़ स्कूल के हेडमास्टर गेट से शुरू होकर कैंब्रियन हॉल आरआइएमसी व गढ़ी कैंट स्थित दुर्गा मल्ल पार्क होते हुए वापस स्कूल में संपन्न हुई।

दौड़ में दून स्कूल, संत कबीर एकेडमी, इकोल ग्लोबल, होपटाउन, कसीगा, हिमज्योति, आरआइएमसी, वेल्हम ब्वॉयज, यूनिसन, वेल्हम गर्ल्स, एशियन स्कूल, ओलंपस हाई सहित 35 स्कूलों, ईको टास्क फोर्स के जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, मैक्स अस्पताल के वरिष्ठ ऑंकोलॉजिस्ट डॉ. विमल पंडिता, दून स्कूल के पूर्व छात्र आर्यन भट्टाचार्जी आदि ने विचार व्यक्त किए। दून स्कूल के डायरेक्टर पब्लिक रिलेशन पीयूष मालवीय आदि मौजूद रहे।

Garhwal Post, 23-4-18, Page - 15

# RUN FOR CANCER AWARENESS

TOI



The Doon School on Sunday organised the ninth 'Marathon of Hope' run to raise awareness about cancer. More than 2300 students including 40 disabled kids attended the event. The event is named after Terry Fox, a Canadian teenager who was diagnosed with cancer at 18 years of age and lost a leg. But it didn't dampen his spirit and he used an artificial leg to complete a cross-country run covering 5,373 km

Times of India, 23-4-18, Page-2

# 9th Marathon of Hope held in Doon



**By OUR STAFF REPORTER**

**DEHRADUN, 22 Apr:** 'The 9th Annual Marathon of Hope' or 'The Terry Fox Run' was held, here, today. The run is held to raise awareness about cancer and also generate monetary contribution for cancer research. The money raised is given to AIIMS, New Delhi, for cancer research.

A total of 2300 participants, including 40 specially-abled from Raphael, ran/walked the marathon. Mathew Raggett, Headmaster of The Doon School, and Dr AK Singh, Director of MIND, and a senior physician at Max Hospital, flagged off the marathon.

Earlier, Gurmeet Singh, Chairman of the Terry Fox Foundation, Dr Vimal Pandita, Senior Oncologist in Max Hospital, and Aryan Bhatacharjee, a student of The Doon School, addressed the gathering. A total of 35 schools and NGOs participated, including St Kabeer, Ecole Global, Hopetown, Kasiga, Himjyoti, RIMC, Welham Boys', Unison, Selaqui, Welham Girls, Dandapur and Mulookchand Village schools, Bindal Vatika, Sapera Basti, Eco Task Force, Doon School, Asian School, Olympus High, etc.